# परीक्षा विभाग
# शासकीय होलकर (स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ 2001 /परीक्षा/2024 दिनांकः 13.02.2024

## आवश्यक सूचना

### विशेष प्रायोगिक/इंटर्नशिप/प्रोजेक्ट/कम्प्रेहेन्सिव वायवा परीक्षा

सत्र 2023-24 अन्तर्गत बी.एस-सी. एवं बीसीए षष्ठम सेमेस्टर मुख्य/एटीकेटी परीक्षा जून-जुलाई 2024 में सम्मिलित समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि ऐसे विद्यार्थी जिनकी मुख्य प्रायोगिक/इंटर्नशिप/प्रोजेक्ट/कम्प्रेहेन्सिव वायवा परीक्षा संपन्न हो चुकी है और वे किसी कारण से मुख्य प्रायोगिक/इंटर्नशिप/प्रोजेक्ट/कम्प्रेहेन्सिव वायवा परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं, यदि अनुपस्थित होने का उचित कारण प्रस्तुत करते हैं, तो वे विशेष प्रायोगिक/इंटर्नशिप/प्रोजेक्ट/कम्प्रेहेन्सिव वायवा परीक्षा हेतु आवेदन कर सकेंगे। इस हेतु परीक्षार्थी संबंधित विभागाध्यक्ष की अनुमति के उपरांत, नियमानुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन **SBI Collect** के माध्यम से **दिनांक** 16.07.2024 तक जमा करें। लिखित आवेदन-पत्र, ऑनलाइन जमा की गई परीक्षा शुल्क रसीद की छायाप्रति के साथ परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में जमा करें। परीक्षार्थी आवेदन पत्र में जिस विषय/प्रश्नपत्र की विशेष प्रायोगिक/इंटर्नशिप/प्रोजेक्ट/कम्प्रेहेन्सिव वायवा परीक्षा करवाना चाहता है उसका स्पष्ट पूर्ण उल्लेख करें। निर्धारित दिनांक तक शुल्क जमा न करने वाले परीक्षार्थी इस विशेष व्यवस्था के लाभ से वंचित रहेंगे।

ऐसे विद्यार्थियों की विशेष प्रायोगिक/इंटर्नशिप/प्रोजेक्ट/कम्प्रेहेन्सिव वायवा परीक्षा संबंधित विभागों में **दिनांक** 18.07.2024 को आयोजित की जावेगी। परीक्षार्थी परीक्षा तिथि तथा समय के लिए संबंधित विषय के विभागाध्यक्ष एवं परीक्षा विभाग से संपर्क करें।

नोटः- विद्यार्थी अंतिम तिथि का विशेष ध्यान रखें।

परीक्षा नियंत्रक
शा. होलकर (स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय,
इन्दौर (म.प्र.)

प्राचार्य
शा. होलकर (स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय,
इन्दौर (म.प्र.)